छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 18 फरवरी, 2011 (माघ 29, 1932)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. दिसम्बर, 2010 सत्र के समयपूर्व सत्रावसान के कारण बैठक हेतु पूर्व निर्धारित तिथि की मुद्रित प्रश्नोत्तरी का पटल पर रखा जाना

3. नियम 267- क के अधीन दिसम्बर, 2010 सत्र में सदन में पढ़ी गई सूचनाओं तथा उनके उत्तरों का संकलन पटल पर रखा जाना

4. सभापति तालिका की घोषणा

5. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री नंद कुमार पटेल, डॉ. शक्राजीत नायक, श्री रविन्द्र चौबे, सदस्य, प्रदेश में पत्रकारों की हत्या किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री संतोष बाफना, सदस्य, बस्तर जिले में धान खरीदी में व्याप्त अव्यवस्था की ओर खाद्य मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

6. वर्ष 2010-2011 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन

डॉ. रमन सिंह, मुख्यमंत्री, वर्ष 2010-2011 के तृतीय अनुपूरक अनुमान का उपस्थापन करेंगे.

7. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

45 मिनट (1) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "रायपुर से आरंग, तुमगांव, पटेवा, झलप, पिथौरा, बसना, सरायपाली, सोहेला होते हुए बरगढ़ तक रेल लाईन बनाई जाय."

1 घंटा (2) श्री महंत रामसुन्दर दास, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश के शहरी क्षेत्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसों के समस्त स्टाप में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाकर प्रसाधन एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय."

45 मिनट (3) श्री संतोष बाफना, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "कांगेर घाटी नेशनल पार्क में स्थित कोटमसर गुफा को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाय."

रायपुर

दिनांक 17 फरवरी, 2011

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.